रोल नं. | | | | | | | |
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 5
**No. of Printed Pages : 5**

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## 2024–25

## गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

## HOME SCIENCE (THEORY)

समय: 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 70
**Time : 3 Hours]** **[Max. marks : 70**

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
**Directions :** There are in all 25 questions in this question paper. All questions are compulsory.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 12 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।
Question No. 8 to 12 are to be answered in about 30 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 13 से 18 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
Question No. 13 to 18 are to be answered in about 50 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 19 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।
Question No. 19 to 25 are to be answered in about 80 words each.

(viii) इस प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

Downloaded from www.cclchapter.com

1– (क) किस अवस्था में बालक पूर्ण रूप से अन्य लोगों पर आश्रित होता है– 1

(i) नवजातावस्था में
(ii) 2 से 5 वर्ष की आयु अवस्था में
(iii) नर्सरी स्कूल की अवस्था में
(iv) ज्वर की अवस्था में

(ख) बच्चों के लिए खेल एक– 1

(i) अनावश्यक कार्य है
(ii) एक जन्मजात प्रवृति है
(iii) अर्जित गुण है
(iv) व्यर्थ समय गंवाना है

(ग) विटामिन 'सी' की कमी से कौन सा रोग होता है– 1

(i) जुकाम
(ii) स्कर्वी
(iii) रिकेट्स
(iv) बेरी–बरी

(घ) किसी भी भोज्य पदार्थ से प्राप्त होने वाली ऊर्जा को नापने की इकाई है– 1

(i) ग्राम
(ii) औंस
(iii) कैलोरी
(iv) डिग्री

(ङ) आहार में ग्रहण किए गए आयरन की कितने प्रतिशत मात्रा शरीर द्वारा शोषित कर ली जाती है– 1

(i) 100%
(ii) 10%
(iii) 50%
(iv) 90%

(च) संतुलित तथा सुनियोजित आहार में उपयुक्त मात्रा में विद्यमान होते हैं– 1

(i) प्रोटीन
(ii) खनिज लवण तथा विटामिन
(iii) वसा तथा कार्बोहाइड्रेट
(iv) उपर्युक्त सभी

(छ) मानवीय पारिवारिक साधन हैं– 1

(i) शक्ति एवं समय
(ii) ज्ञान
(iii) कार्यकुशलता एवं दक्षता
(iv) उपर्युक्त सभी

(ज) पारिवारिक साधनों की विशेषता है– 1

(i) उपयोगी एवं सीमित होना
(ii) साधनों में अंतर्सबंधता एवं व्यवस्थापन
(iii) जीवन–स्तर को बनाने में योगदान
(iv) उपर्युक्त सभी विशेषताएँ

2– पारिवारिक आय की एक सरल परिभाषा लिखिए ? 1

3– पशुओं से प्राप्त होने वाले मुख्यतम आहार कौन–कौन से हैं ? 1

4– उपभोग से क्या आशय है ? 1

5– हॉलमार्क किस से संबंधित है ? 1

6– मुख्य रूप से किन वस्तुओं से कलफ तैयार किया जाता है ? 1

Downloaded from www.cclchapter.com

7– वस्त्रों को नील लगाने का मुख्य उद्देश्य क्या होता है ? 1

8– विकास की दो मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए? 2

9– रचनात्मक खेल से क्या आशय है ? 2

10– आहार स्वास्थ्य विज्ञान के अनुसार भोजन परोसने की सही व्यवस्था का उल्लेख कीजिए? 2

11– कृत्रिम वस्त्रों की धुलाई कैसे की जाती है ? 2

12– स्वयं बनवाए गए वस्त्रों के गुणों का उल्लेख कीजिए। 2

13– विकास तथा वृद्धि में अंतर स्पष्ट कीजिए । 3

14– छोटे बच्चों की पुस्तकें किस प्रकार की होनी चाहिए ? 3

15– 'खेल' की तीन मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ? 3

अथवा

दो वर्षीय कृतिका अपने खिलौनों को जोड़कर अलग–अलग आकार देती रहती है, यह किस प्रकार का खेल है? खेलों के अन्य प्रकार भी लिखिए।

16– आहार–नियोजन तथा आहार संबंधी तालिका में अंतर स्पष्ट कीजिए? 3

17– पाक क्रिया से पोषक तत्वों में होने वाली हानि का उल्लेख कीजिए ? 3

18– सिले–सिलाए वस्त्रों को खरीदने से क्या हानियाँ हो सकती हैं ? 3

अथवा

सिले–सिलाए वस्त्रों को खरीदने से क्या लाभ होता है ?

19– विकास से आप क्या समझती हैं ? अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा परिभाषा निर्धारित कीजिए? 4

अथवा

बाल विकास को प्रभावित करने वाले मुख्य कारकों का उल्लेख कीजिए ?

20– आहार–नियोजन को प्रभावित करने वाले कारकों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिए ? 4

21– पारिवारिक साधनों की मुख्य सामान्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ? 4

22– पारिवारिक बचत से आप क्या समझती हैं ? पारिवारिक बचत की आवश्यकता एवं महत्व का उल्लेख कीजिए ? 4

अथवा

पारिवारिक आय के स्त्रोंतों का वर्णन कीजिए ?

23– लेबल तथा डिब्बाबंदी संबंधी नियमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिए ? 4

अथवा

उपभोक्ताओं के संरक्षण के उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिए ?

Downloaded from www.cclchapter.com

24– शुष्क धुलाई से क्या आशय है ? शुष्क धुलाई के लाभ एवं हानियों का भी उल्लेख कीजिए ? 4

**अथवा**

वस्त्रों की आवश्यक देख–रेख तथा संग्रह करने के उपायों का उल्लेख कीजिए ?

25– कपड़ों पर लगने वाले कुछ सामान्य दाग–धब्बों को छुड़ाने की विधियों का उल्लेख कीजिए ? 4

Downloaded from www.cclchapter.com